मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 308, मुंबई, शुक्रवार, 2 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




## Budget 2024

### घोषणाएँ

**गरीब**

### गरीबों के घर का सपना होगा पूरा

कोविड की चुनौती के बावजूद मोदी सरकार ने गरीबों को घर मुहैया कराया। केंद्र सरकार का दावा है कि 3 करोड़ घर के लक्ष्य को बनाने के करीब हैं। 2 करोड़ और घर अगले 5 साल में बनेंगे। छत के ऊपर सोलर एनर्जी के लिए 1 करोड़ घरों पर सोलर पैनल लगेंगे। सौर प्रणाली वाले एक करोड़ लोगों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

**युवा**

### स्टार्टअप्स के लिए एक और मौका

बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। रिसर्च और इनोवेशन पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है, बजट में स्टार्टअप को मिलने वाले टैक्स छूट के विस्तार का भी ऐलान किया गया है। इसमें राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए पूंजीगत व्यय को 11 लाख 11 हजार 111 करोड़ रुपए की ऐतिहासिक ऊंचाई दी गई है।

**अन्नदाता**

### नैनो डीएपी का अब विस्तार पूरे देश में

नैनो डीएपी का विस्तार पूरे देश में किया जाएगा। तिलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्यनीति तैयार की जाएगी। डेरी किसानों की सहायता के लिए व्यापक कार्यक्रम बनेगा। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम किसान संपदा से 38 लाख किसानों को फायदा हुआ है।

**नारी**

### 3 करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य

2 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा था। अब इस लक्ष्य को बढ़ाकर 3 करोड़ कर दिया गया है। आयुष्मान भारत के तहत स्वास्थ्य देखभाल के दायरे में सभी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को लाया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने मुफ्त में टीकाकरण अभियान चलाने की योजना है।

G Y A N



# अतंरिम बजट ने तोड़ीं उम्मीदें

## जेब पर पड़ेगी महंगाई की मार

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बजट-2024 में महंगाई से राहत देने के प्रावधान न किए जाने से लगातार महंगाई से जूझ रहे लोगों को निराशा हाथ लगी है। बजट में कुछ भी सस्ता नहीं किया गया। एक्साइज ड्यूटी और कस्टम ड्यूटी की दरों में कोई बदलाव न किए जाने से उद्यमियों की उम्मीदों को झटका लगा है। सीए अनुपम शर्मा के मुताबिक, जनवरी 2023 के मुकाबले जनवरी 2024 में सोना, चांदी, खाद्य पदार्थ, दलहन, तिलहन, पेट्रोल के दाम अधिक हैं। बैंक लोन की ब्याज दरों में भी इजाफा हुआ है। एसबीआई होम लोन की ब्याज दरें 8.90 प्रतिशत से बढ़कर 9.15 प्रतिशत हो गईं। एफडी की ब्याज दरों में गिरावट आई है। इन हालातों में घटते मुनाफे के बीच लोगों को बजट में कुछ राहत मिलने की उम्मीद थी, जो संभव नहीं हुई।



### एक साल में 11 रुपये प्रति लीटर बढ़ गया दूध, घी-पनीर में 100 रुपये की तेजी

पराग डेरी के संचालक और रोडवेज चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2023 के मुकाबले दूध, घी, पनीर, क्रीम के दामों में इजाफा हुआ है। जनवरी 2023 में दूध का भाव 55 रुपये प्रति लीटर था जो अब बढ़कर 66 रुपये प्रति किलो हो गया। घी 400 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 550 रुपये प्रति किलो, पनीर 250 रुपये बढ़कर अब 350 रुपये प्रति किलो, क्रीम 180 प्रति किलो से 220 रुपये प्रति किलो हो गई है।

### ये हैं जनवरी में खाद्यान के भाव रिटेल

| खाद्यान- मसाले-सब्जी | वर्ष 2023 | वर्ष 2024 |
|---|---|---|
| काली | 400 | 900 |
| चिरौंजी | 400 | 2500 |
| पिस्ता | 1500 | 3500 |
| खरबूजे की गिरी | 400 | 1500 |
| आटा | 24.00 | 35.00 |
| चावल | 70.00 | 100.00 |
| टमाटर | 25 | 40 |
| प्याज | 22 | 30 |
| आलू | 20 | 25 |



### दाल हो गई महंगी, सब्जियों में भी इजाफा

वर्ष 2023 के मुकाबले दालों के भाव में तेजी से इजाफा हुआ। व्यापारी गौरव ने बताया कि अरहर 100 से बढ़कर 160 हो गई है। उड़द धुली 90 रुपये से 140 हो गई। राजमा 125 से 150 हो गया है। मूंग की दाल 100 से बढ़कर 120 हो गई है। इसके साथ ही अन्य खाद्यान्न के भाव में भी तेजी आई है। ड्राई फ्रूट के भाव में सर्वाधिक तेजी आई है।

### सोने के भाव भी चढ़े

बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनंद अग्रवाल ने बताया कि एक फरवरी 2024 को सोने का भाव 64,300 है और चांदी का भावा 72,500 हो गया है। वर्ष 2023 की शुरूआत में सोने का भाव 50 हजार से 53 हजार के आसपास था। वहीं, चांदी का भाव में भी 70 हजार से नीचे था। जिनके पास सोना है उन्हें लाभ हो रहा है, लेकिन नए खरीदने वालों की जेब ढीली हो रही है।

## जुबानी तीर

**पीएम मोदी बोले**

### विकसित राष्ट्र बनाने की गारंटी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतरिम आम बजट समावेशी और नवोन्मेषी होने के साथ ही देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। वीडियो संदेश में पीएम मोदी कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा, आज का ये बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है।



### समावेशी विकास का बजट

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित भारत का आह्वान किया है। इस आह्वान को साकार करने की दिशा में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट देश के समावेशी विकास का बजट है। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों के सशक्तिकरण पर केंद्रित है।



### जनता को दिया धोखा

केंद्रीय बजट पर छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा की वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट, कर्ज मे डुबोने वाला दिशाहीन, खोखला बजट है। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने कहा कि, देश पर बढ़ता कर्ज मोदी सरकार की गलत नीतियों की देन है।

**कांग्रेस ने कहा**

### यह सरकार का 'विदाई बजट'



विपक्षी दलों ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश अंतरिम बजट को निराशाजनक और सरकार का 'विदाई बजट' करार दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा, बजट भाषण बहुत छोटा और निराशाजनक था। बहुत अधिक बयानबाजी थी। कई मुद्दों को छुआ नहीं गया। बेरोजगारी जैसे मुद्दे का उल्लेख ही नहीं किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### पाकिस्तान में खुल्लमखुल्ला



**तमाम रुकावटों के बावजूद इमरान मतदाताओं में बेहद लोकप्रिय बने हुए हैं। यह बात कुछ चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षणों से भी जाहिर हुई है। जाहिर है, सैन्य नेतृत्व आशंकित है कि कहीं पीटीआई जीत गई, तो इमरान की सत्ता-वापसी हो सकती है।**

पाकिस्तान में सेना ने पटकथा लिख दी है। बाकी सभी किरदार उसके मुताबिक अपना रोल अदा कर रहे हैं। इन किरदारों में न्यायपालिका भी है। पाकिस्तान के 77 साल के इतिहास में कभी-कभार ही अदालतें सेना की लिखी पटकथा से हटी हैं। 1970 के दशक में ऐसी ही एक पटकथा के तहत तब के देश के सबसे लोकप्रिय नेता जुल्फिकार अली भुट्टो को फांसी पर लटका दिया गया था। अब कुछ-कुछ वैसा ही आज के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान के साथ दोहराया जा रहा है। ऐसी चर्चा है कि सेना ने इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के बाद विदेश चले जाने का विकल्प दिया था। लेकिन खान ने देश में रहते हुए संघर्ष करने का फैसला किया। तो इसकी कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। दो दिन में दो मामलों में उन्हें लंबी कैद की सजा सुनाई गई है। बुधवार को इमरान और उनकी पत्नी बुशरा खान को तोशाखाना मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही साइफर केस यानी कूटनीतिक संदेश को सार्वजनिक करने के इल्जाम में इमरान को 10 साल कैद की सजा सुनाई गई थी। इस्लामाबाद की एक अदालत ने इमरान और बुशरा दोनों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है। साथ ही दोनों की किसी सार्वजनिक पद पर नियुक्ति पर 10 साल तक के लिए प्रतिबंध लगा दिया है। असल मकसद यही है। इमरान खान और उनकी पार्टी पहले से कहते रहे हैं कि सैन्य नेतृत्व ने पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि तैयार की, ताकि वे चुनाव ना लड़ सकें। पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने वाले हैं। इमरान खान के चुनाव लड़ने पर पहले ही प्रतिबंध लगाया चुका है। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से उसका चुनाव निशान (क्रिकेट का बैट) छीन लिया गया है। इसके बावजूद इमरान मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बने हुए हैं। यह बात कुछ चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षणों से भी जाहिर हुई है। जाहिर है, सैन्य नेतृत्व आशंकित है कि कहीं तमाम रुकावटों के बावजूद पीटीआई जीत गई, तो इमरान की सत्ता-वापसी हो सकती है। इसलिए अब उन्हें कैद की सजाएं सुनाई जा रही हैं।

# बिंद समाज विकास संघ द्वारा आयोजित BSVS प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता सुचारू रूप से संपन्न

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**




**मुंबई** (उत्तर शक्ति) 27 जनवरी 2024 दिन शनिवार को बिंद समाज विकास संघ द्वारा वर्ली स्पोर्ट्स क्लब प्रभादेवी वर्ली मुंबई में आयोजित इरश्र प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में मुंबई सहित अन्य जिलों प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, जौनपुर, वाराणसी, सूरत, महानगर जैसे 10 टीमों ने भाग लिया इस स्वजातीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता में,बिंद, केवट, निषाद, मल्लाह,नाविक ,साहनी, कश्यप, माझी और बेलदार, मुखिया, इत्यादि स्वजातीय खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया जिसमें सायन फाइटर की क्रिकेट टीम ने सभी टीमों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर वर्ली ब्लास्टर की टीम रही, जिसका नेतृत्व उद्योगपति ओमप्रकाश बिंद ने किया, तीसरा स्थान प्राप्त करने में कुर्ला अवेंजर की टीम कामयाब रही। जिसकी अगुवाई बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी अशोक कुमार नाविक ने किया।

संघ ने प्रथम विजेता टीम को 15000 रुपया और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। द्वितीय विजेता टीम को 10000 रुपये और ट्राफी तथा तीसरी विजेता टीम को 5000 रुपये और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया, बेस्ट बॉलर, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट क्षेत्ररक्षण, करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी और कुछ कैश देकर सम्मानित किया गया, सभी क्रिकेट खिलाड़ियों ने अंपायर के निर्णय को सर्वमान्य मानकर अच्छे निर्णय का स्वागत किया। सायन फाइटर का नेतृत्व करने वाले कप्तान डॉ शेषधर बिंद, और उप कप्तान रमेश बिंद ने कुशल अनुभव का परिचय देते हुए अपनी टीम को प्रथम स्थान दिलाने में कामयाब रहे, सायन फाइटर के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया जिसमें सुनील कुमार बिंद, नागेंद्र बिंद, धीरज बिंद के बल्लेबाजी ने दर्शकों को मन मुक्त कर दिया, शिवसागर साहनी के खूबसूरत क्षेत्र रक्षण का दर्शकों ने खूब सराहना की, सचिन निषाद की फिरकी तेज धारदार गेंदबाजी ने लगातार पांच गेंद पर पांच विकेट लेकर बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी, बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले सचिन निषाद के सम्मान में दर्शकों और खिलाड़ियों के तालियों के गड़गड़ाहट से पूरा वर्ली स्पोर्ट्स क्लब गूंज उठा।

टीम के रूप में शामिल, ठाणे लायंस घाटकोपर सुपर किंग, जोगेश्वरी राइडर, सायन फाइटर, वर्ली ब्लास्टर, कुर्ला अवेंजर, वसई टाइगर, टिटवाला इंडियन, सूरत स्ट्राइकर, टिटवाला टाइगर, यह सभी दसों टीमों के कप्तान और खिलाड़ियों ने क्रिकेट प्रेमियों को बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए मैदान में आए हुए खिलाड़ियों और दर्शकों का वाह वाही बटोरने में कामयाब रहे, सभी टीमों के खिलाड़ियों का खेल देखते बन रहा था, गगनचुंबी चौको और छक्कों ने दर्शकों में उत्साह भर दिया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे शिवसेना नेता राहुल रमेश शेवाले साहब, सुनील शिंदे साहब, पूर्व नगर सेवक महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के नेता संतोष धुरी साहब, कपड़ा व्यापारी सतिंदर पाल सिंह आहुजा, मुंबई अध्यक्ष ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट , बिंद समाज के उद्योगपति श्री नन्दलाल बिंद श्री राधेश्याम बिंद ( प्रकाश इडस्ट्रीज) प्रकश बिंद श्री किशोरी लाल बिंद (CA) श्री सुरेश बिंद मुंबई प्रदेश अध्यक्ष (RPI-RK) बृजलाल बिंद ( सेक्रेटरी - स्पोर्ट्स डिवीजनल सेंट्रल रेलवे) बिंदु बिंद (BSVS महिला अध्यक्ष सूरत) चंद्रशेखर बिंद अजय बिंद, राजकुमार चौरसिया, रविन्द्र बिंद, बृजभूषण बिंद मा मंतलाल बिंद, अजय बिंद विजिनो, जौनपुर के युवाओं के दिलो में जगह बनाने वाले भोजपुरी कॉमेडियन उमेश निषाद भोजपुरी एक्टर विरु बिंद ने अपने भोजपुरी अंदाज में दर्शकों का खूब मनोरंजन कराया, एवं तमाम स्वजातिय बंधुओं, तथा स्वजातीय दिग्गजों का जमावड़ा पूरे दिन लगा रहा, बिंद समाज विकास संघ ने सभी स्वजातीय युवाओं और खिलाड़ियों को आह्वान किया कि, रुकना नहीं है, थकना नहीं है- जब तक मंजिलें अपना नहीं है, संघ ने सभी खिलाड़ियों को एवं सहयोगियों और दर्शकों को इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए दिल की गहराइयों से बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

# मौनी अमावस्या स्नान पर्व को लेकर मेला पुलिस सजग, संपूर्ण मेला क्षेत्र में चेकिंग अभियान

## माघ मेला क्षेत्र में पुलिस महानिरीक्षक आईपीएस डा. राजीव नारायण मिश्रा के नेतृत्व में चलाया चेकिंग अभियान



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**माघ मेला, प्रयागराज।** बृहस्पतिवार को पुलिस उप महानिरीक्षक/प्रभारी माघ मेला डा0 राजीव नारायण मिश्र IPS के कुशल नेतृत्व में आगामी स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल, निर्विघ्न सम्पन्न कराये जाने को दृष्टिगत रखते हुये संपूर्ण मेला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा हैं।,चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध व्यक्ति/लावारिस वस्तु/विस्फोटक सामग्री की चेकिंग की जा रही हैं। विशेषकर पार्किंग स्थलों/वाहनों/अतिक्रमण/टेन्टों/पाण्टून पुलों आदि महत्वपूर्ण स्थानो संगम नोज, रामघाट, बड़े हनुमान जी मंदिर, परेड पार्किंग स्थल, परेड झूला स्थल कि चेकिंग बीडीडीएस/एस चेक टीम से कराई जा रही हैं व प्रभारी माघ मेला के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि मौनी अमावस्या स्नान पर्व को ध्यान में रखते हुये अपने अपने थाना क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाये रखेंगे।चेकिंग अभियान के दौरान माघ मेला में नियुक्त सभी अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी,थाना/इकाई प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग करते नजर आए।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# कैनन के नकली उत्पाद बरामद





**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** एमआरए मार्ग पुलिस थाने ने ऐनफोरसर्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स (EIPR) के साथ मिलकर फोर्ट में स्थित एक मैन्युफैक्चरिंग और डिस्ट्रीब्यूशन यूनिट पर छापेमारी कर कई मात्रा में नकली कैनन पैक्ड टोनर काट्रिज, ऐनपीजी रीफिल्ड टोनर्स, होलोग्राम्स, आउटर टोनर काट्रिज के बक्से, बबल पैक्स, सीएफयस स्टिकर्स, टोनर स्टिकर्स, एमआरपी स्टिकर्स जब्त किए। पुलिस ने उसी स्थान से एक ग्लू गन मशीन, एक लेमिनेशन मशीन और एक एयर पंप मशीन भी जब्त की। पुलिस ने यूनिट का संचालक - संदीप त्रियुगी जोखन उर्फ संदीप शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ एमआरए मार्ग पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की है। श्री प्रताप लामतुरे - पुलिस उप निरीक्षक और एमआरए मार्ग पुलिस थाने के कर्मचारी की मदद से नकली उत्पादों को जब्त किया गया। यह मामला एमआरए मार्ग पुलिस थाने में फआईआर क्रमांक 18, दिनांक 18.01.2024, यू/एस 51,63 कॉपीराइट अधिनियम 1957 की धारा के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही हैं।

## 'विकास को प्रभावित करने वाला बजट'

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** केंद्र सरकार का बजट यह विकास को प्रभावित करने वाला बजट है। महिलाओं, किसानों, युवाओं, पेशेवरों के लिए कोई ठोस बंदोबस्त नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि और किसानों के लिए इस बजट में कुछ खास नहीं है। ऐसी प्रतिक्रिया जयश्रीताई शेळ्के, सचिव महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस ने की है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक तरफ खाद, बीज और दवाइयों के दाम बढ़ रहे हैं। दूसरी



ओर, कृषि वस्तुओं की कीमतों में भारी गिरावट आई है। इस बजट ने व्यवसायियों की कमर तोड़ दी है। वहीं कमर्शियल सिलेंडर 14 रुपये महंगा हो गया है। अल्प वेतन पर काम करने वाली आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को अपनी मांगों को लेकर आंदोलन करना पड़ रहा है। लेकिन इस बजट में उनके लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सिर्फ आंकड़ों का खेल खेलकर लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

# महाराष्ट्र में भयानक हादसा

## कंटेनर ने महिला को कुचला, फिर बाइक पर पलटा, 3 की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के लातूर जिले में गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। जिले के निलंगा तालुका में उदगीर-निलंगा रोड पर यह भयानक दुर्घटना हुई है। एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले महिला को कुचल दिया और फिर दो बाइक सवार पर पलट गया। जिसमें तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। तीनों के शव क्षत-विक्षत हो गए थे। जानकारी के मुताबिक, झरी निवासी 20 वर्षीय कृष्णा अर्जुन जाधव और 40 वर्षीय कस्तूरा परमानंद जाधव की मौत हो गई है। दोनों आठ दिन पहले खरीदी गई मोटरसाइकिल पर सुबह छह बजे खेत के लिए निकले थे। जब वे उदगीर निलंगा रोड पर पहुंचे तो सामने से आ रहे कंटेनर ने महिला अक्षरा किशन जाधव को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चला रहे कृष्णा जाधव ने हादसे को देखकर मोटरसाइकिल वहीं रोक दी। लेकिन कंटेनर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और कंटेनर सड़क किनारे रुकी मोटरसाइकिल पर पलट गया। इस भीषण दुर्घटना में तीनो की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि दुर्घटना इतनी भयानक थी कि सड़क पर खून और मांस बिखर गया था। सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे लेकिन किसी को बचा नहीं सके। इसी बीच वहां जाम लग गया। सूचना मिलते ही निलंगा पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे में मारे गए तीनों लोगों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए निलंगा ग्रामीण अस्पताल भेज दिया गया है। दिवंगत कस्तूरबाई के परिवार में एक बेटा, एक बेटी और पति हैं। जबकि कृष्णा जाधव के परिवार में उनकी मां, पिता और एक बहन हैं। इस घटना से गांव में मातम पसर गया है। इस मामले में निलंगा पुलिस ने कंटेनर जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

## महाराष्ट्र में भी डगमगा रही इंडिया गठबंधन की नैया?

### प्रकाश अंबेडकर के बाद समाजवादी पार्टी ने बढ़ाई टेंशन



**मुंबई।** कुछ ही महीने में लोकसभा चुनाव होने हैं। इसके लिए सत्ता पक्ष के दल हो या और विपक्षी गठबंधन हो सभी सीट बंटवारे का फॉर्मूला तय करने में जुटे हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव गुट, कांग्रेस और शरद पवार नीत एनसीपी ने लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर मंथन की। इस दौरान महाविकास आघाडी (एमवीए) के तीनों दलों ने इस बात पर सहमति जताई कि बीजेपी विरोधी दलों को साथ लेकर चुनाव लड़ा जाना चाहिए। शिवसेना (उद्धव गुट) के सांसद संजय राउत ने बाकायदा पत्रकारों के सामने घोषणा कि की महाराष्ट्र में एमवीए का विस्तार प्रकाश आंबेडकर के नेतृत्व वाली पार्टी वंचित बहुजन आघाड़ी (वीबीए), सीपीआई, आम आदमी पार्टी (आप), समाजवादी पार्टी, सीपीआई-एम आदि के साथ किया गया है। ये सभी दल 'इंडिया' अलायंस में शामिल है। उन्हें गठबंधन में शामिल होने के लिए पत्र लिखे गए है। लेकिन महाराष्ट्र में विपक्षी दलों की एकता फिलहाल बनती नहीं दिख रही है। वीबीए के मुखिया प्रकाश अंबेडकर ने दावा किया कि उनकी पार्टी अभी भी महाविकास अघाडी में शामिल नहीं है। उन्होंने कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले के अधिकार पर ही सवाल खड़ा कर दिया है। अंबेडकर ने कहा कि कांग्रेस महासचिव रमेश चेन्निथला ने उन्हें बताया है कि कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण और बालासाहेब थोराट महाराष्ट्र में सीट बंटवारे से संबंधित फैसले लेंगे। लेकिन पत्र पर चव्हाण और थोराट के हस्ताक्षर नहीं हैं, बल्कि पटोले के है। उधर, समाजवादी पार्टी भी राज्य में लोकसभा चुनाव पूरे दमखम से लड़ने के मूड में है। जबकि खबर है कि एमवीए के प्रमुख दल अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी को महाराष्ट्र में एक भी सीट देना नहीं चाहती है। महाराष्ट्र में 2019 में एमवीए का गठन हुआ था। एमवीए गठबंधन में कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव गुट) शामिल है। जबकि ये तीनों दल इंडिया अलायंस का भी हिस्सा है। राज्य के कुछ छोटे दल भी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अखिलेश यादव को संदेश भेजा गया है कि उनकी पार्टी को वोटों के बंटने से बचाने के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में एमवीए का समर्थन करना चाहिए। साथ ही इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को लड़ने के लिए अधिक सीटें देने का भी आश्वासन दिया गया है।

## मुंबई हलचल कहता हैं कि....

# देश के सभी भ्रष्टाचारी नेताओं के समर्थकों की परवाह ना करते हुए उन्हें तत्काल जेल में डाले सरकार...

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** देश में जिस दिन से जीरो टोलरेंस के प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्ध सरकार केन्द्र में आई हैं उस दिन से भ्रष्टाचारी नेताओं की नींद उड़ी हुई हैं! भ्रष्टाचार करने वाले सभी नेता किसी ना किसी तरीके से अपने आपको बचाने में जुटे हैं और ये अलग बात हैं कि मोदी सरकार एक एक भ्रष्टाचारी नेता का हिसाब करने पर तुली हुई है! सता में आने से पहले नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि ना खाउंगा और ना खाने दुंगा उपयुक्त बात पूरी तरह से फलीभूत हो रही हैं! और हो भी क्यों नहीं देश की गरीब और भोली भाली जनता और देश का पैसा खाने वालों के लिए भ्रष्ट नेताओं के लिए सबसे ज्यादा सुरक्षित और महफूज जगह जेल की सलाखें हो सकती हैं! आपको ज्ञात होगा कि सभी भ्रष्टाचारी नेताओं ने अपना एक अलग कुनबा बनाया था और सारे भ्रष्ट नेताओं ने इंडिया एलायंस गठबंधन बनाया था जिससे कि सता में (जो संभव नही) आने पर अपने आप को बचा सकें! मगर देश की जनता ने स्विकार नहीं किया और ये बात बहुत जल्दी इंडिया एलायंस गठबंधन के मुख्य सुत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को समझ में आ गई थि! जिससे कि वह इस गठबंधन से अलग होकर भाजपा का दामन थामकर बिहार में नई सरकार बना ली है। जिससे कि इंडिया एलायंस गठबंधन के नेताओं का मनोबल करीब करीब टूट चुका है। और कोई भी राजनितिक दल का नेता भाजपा से मुकाबला करने की स्थिति में फिलहाल नजर नहीं आता हैं! भ्रष्टाचार को लेकर तो कांग्रेस के पुर्व प्रधानमंत्री



स्वर्गीय राजीव गांधी भी कहा करते थे कि मैं केन्द्र सरकार से 100 रुपया भेजता हूँ और वो गांवो तक पहुंचते पहुंचते मात्र 10 रुपया रह जाता हैं! अब आप अंदाजा लगाइए कि देश में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी और मजबूती से जमी हुई है और इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समय तो लगेगा क्योंकि 70 साल का भ्रष्टाचार रुपी खड्डा भरना मुश्किल है! इसको लेकर देश की वर्तमान केन्द्र सरकार जो काम कर रही हैं वो निहायत ही बेहद शुभ संकेत माना जा सकता हैं! देश में इन भ्रष्ट नेताओं के समर्थकों की परवाह नहीं करते हुए उन्हें तत्काल जेल में डाल देना चाहिए और केन्द्र सरकार के दुबारा सता में आने पर भ्रष्टाचार के खिलाफ यह मुहीम जारी रहनी चाहिए और देश की जनता भी यही चाहती है।

## आसींद प्रेस क्लब के नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं शपथ ग्रहण समारोह 11 फरवरी को



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले के उपखंड स्तरीय आसींद प्रेस क्लब के नव नियुक्त भवन का लोकार्पण एवं पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण समारोह 11 सरवरी रविवार को प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा! क्षेत्रीय पत्रकार निसार अहमद शेख, दिनेश साहू, सुरेश मेघवंशी, सांवर मल शर्मा, परमवीर सिंह ने इसके लोकार्पण का निमंत्रण पत्र देने कालियास आए दैनिक मुंबई हलचल के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि अगामी 11 फरवरी को नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं सभी पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा व आगे की रणनिति पर विचार किया जाएगा! साथ ही पत्रकार दिनेश साहू ने बताया कि इस आयोजन में जिले के प्रेस क्लब पदाधिकारीयों, क्षेत्रीय पत्रकारों, विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों, संत महंत, जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया हैं! कार्यक्रम के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा।

## संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति का अभिभाषण

10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का किया बखान

# अमृत काल में निर्मित यह भवन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार

### युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब के साथ ही राम मंदिर का किया जिक्र



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

संसद का बजट सत्र दोनों सदनों की संयुक्त बैठकों के साथ बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू हो गया।

इस दौरान राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। इसके अलावा उन्होंने नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई। केवल इतना ही नहीं राष्ट्रपति ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा, अयोध्या में राम मंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए।

**खास बातें**

- नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद भी जताई
- अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए



### 140 करोड़ देशवासियों का सपना हो रहा पूरा

राष्ट्रपति ने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरुआत में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए कहा, मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा कर रही है।

### जी-20 सम्मेलन की सफलता पूरे विश्व ने देखी

### चंद्रयान और सूर्ययान ने बना डाला विश्व रिकॉर्ड

राष्ट्रपति ने भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, बीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है। भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोल आउट करने वाला देश बना। दो तिमाही से भारत की विकास दर 7.5 फीसदी से ज्यादा रही है। भारत को सबसे बड़ा समुद्री पुल अटल सेतु मिला। भारत को अपनी पहली नमो भारत ट्रेन और पहली अमृत भारत ट्रेन मिली।

### 370 हटाने को लेकर शंकाएं अब इतिहास

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। 3दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होने के लिए सदस्यों की सराहना की।

### केवल नारा नहीं, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले

राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों-युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब पर खड़ी होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं।

### युवा शक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए नए कदम उठाए गए

राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार भारत की युवाशक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई और उसे तेजी से लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा पर बल दिया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून जैसे विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में प्रारंभ कर दी गई है।

### 10 वर्षों में सरकार की बड़ी उपलब्धियां

राष्ट्रपति ने पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टॉफ की नियुक्ति भी हुई है।

### राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी

राष्ट्रपति ने कहा, पिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्य कार्य किए जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

### बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में मची है उथल-पुथल

राष्ट्रपति ने कहा कि बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं। इस कठिन दौर में, मेरी सरकार ने भारत को विश्व-मित्र के रूप में स्थापित किया है।

## बिहार के किशनगंज में राहुल की यात्रा

# 6 साल के बच्चे ने पूछा शादी कब करेंगे? बोले- अभी काम कर रहा हूं



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

बिहार के किशनगंज में कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। इस दौरान एक 6 साल के बच्चे ने राहुल से पूछा कि वो शादी कब करेंगे?

इस पर राहुल ने कहा कि अभी तो मैं काम कर रहा हूं, जब काम खत्म हो जाएगा तब। बच्चे का सवाल सुनकर राहुल हैरान रह गए। बच्चे का नाम अर्श नवाज है और वो यूटूब पर ब्लॉग बनाता है। अर्श ने राहुल पर भी ब्लॉग बनाया है और उन्हें फ्यूचर का प्रधानमंत्री भी कहा? राहुल नेबच्चे के वीडियो को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया है। यह वीडियो 29 जनवरी का है, इस दौरान अर्श, राहुल की बस के आगे खड़ा हो गया और राहुल ने बच्चे को अपनी गोद में बैठा लिया।



### बंगाल में राहुल की कार का शीशा टूटा

राहुल के काफिले पर बुधवार को एसयूवी कार के पीछे का शीशा टूट गया था। खबर थी कि उनकी गाड़ी पर हमला हुआ। मामले पर कांग्रेस ने स्पष्टीकरण दिया है। एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, गलत खबर को लेकर स्पष्टीकरण। बंगाल के मालदा में राहुल से मिलने अपार जनसमूह आया था। इस भीड़ में एक महिला राहुल से मिलने अचानक उनकी कार के आगे आ गई, इस वजह से अचानक ब्रेक लगाया गया तभी सुरक्षा घेरे में इस्तेमाल किए जाने वाले रस्से से कार का शीशा टूट गया।

## 17वें नए महाराज के रूप में सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने संभाली देश की कमान

# मलेशिया को मिला नया राजा, प्राइवेट जेट से लेकर रखते हैं आर्मी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

राजनीतिक उथल-पुथल के बीच मलेशिया को अपना नया राजा मिल गया है। 65 वर्षीय सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर ने कुआलालंपुर में 17वें महाराज के रूप में शपथ ली है। शपथ से पहले अपने जेट से कुआलालंपुर के लिए उड़ान भरी थी। वे लोगों से मिलने हर साल बाइक पर सड़क यात्राएं निकालते हैं। सुल्तान इब्राहिम को सामाजिक न्याय पर अपने मुखर विचारों के लिए जाना जाता है। इब्राहिम मलेशियाई राजघराने में एक प्रगतिशील व्यक्ति माने जाते हैं। 1957 में आजादी के बाद से मलेशिया में घूर्णी राजशाही प्रणाली चल रही है। यहां 5 साल में राजा बदले जाते हैं। ये राजा देश के 9 शाही परिवारों से चुने जाते हैं। इन्हें यांग डि-पर्टुआन एगोंग (जिसे भगवान माना जाता है) के रूप में जाना जाता है।

**खास बातें**

- बेशुमार दौलत के साथ कार बाइक का शौक
- सामाजिक न्याय के लिए उठाते हैं आवाज
- प्लान : सिंगापुर के साथ हाई-स्पीड रेल को फिर से चालू करना

### प्राइवेट जेट से लेकर विदेशों में हैं संपत्तियां

सुल्तान इब्राहिम बिजनेसमैन भी हैं। वह चीन के साथ जोहोर में अरबों डॉलर की फॉरेस्ट सिटी विकास परियोजना के हिस्सेदार हैं। उनके पास प्राइवेट जेट, कारों और बाइक्स का बड़ा कलेक्शन है। विदेशों में काफी संपत्तियां हैं। वे ऐसे पहले शासक हैं, जिनकी खुद की सेना भी है। उनके पास डॉलर 5.7 बिलियन (42,750 करोड़) से अधिक की संपत्ति है। वे मलेशिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक हैं।



### ऑक्सफोर्ड से पढ़ी हैं पत्नी, मां थीं ब्रिटिश

सुल्तान इब्राहिम की पत्नी का नाम जरीथ सोफिया है। वह शाही परिवार से नाता रखती हैं। ऑक्सफोर्ड से पढ़ीं सोफिया पेशे से लेखिका हैं। वह बच्चों के लिए कई किताबें भी लिख चुकी हैं। सुल्तान और सोफिया के पांच बेटे और एक बेटी है, जबकि सुल्तान इब्राहिम की मां इंग्लिश मूल की हैं।

### नए राजा का प्लान

वह सिंगापुर के साथ हाई-स्पीड रेल परियोजना को फिर से चालू करने और संकट से जूझ रही फॉरेस्ट सिटी परियोजना को बढ़ावा देने की योजना बना रहे हैं। सुल्तान इब्राहिम को तब शासन दिया गया है जब देश राजनीतिक अस्थिरता से जूझ रहा है। ऐसे में शाही हस्तक्षेप जरूरी हो गया है। सरकार के पतन और त्रिशंकु संसद के बीच प्रधानमंत्रियों की नियुक्ति सहित, शासन संबंधी संकटों को हल करने के लिए राजा अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हैं।

## फिल्म 'हीरो हीरोइन' के फर्स्ट लुक पोस्टर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद, निर्माता ने दूसरा लुक पोस्टर जारी किया



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**दिव्या खोसला कुमार** की अगली तेलुगु हिंदी फिल्म हीरो हीरोइन अपनी पहली खबर के बाद से ही सभी का ध्यान आकर्षित कर रही है और ऐसा कहने के लिए सभी सही कारण भी हैं। इसकी घोषणा से लेकर कुछ दिन पहले सामने आए फर्स्ट लुक पोस्टर तक, जिसने हमें एक हीरोइन की झलक दी, जिसे हम सभी जल्द ही बड़े पर्दे पर देखने का इंतजार कर रहे हैं। इस प्रत्याशा ने हम सभी को इंतजार करने पर मजबूर कर दिया है कि बॉक्स में क्या होगा जब दो पावर हाउस प्रेरणा अरोड़ा और दिव्या एक साथ हाथ मिलाएंगे। जैसा कि निमार्ताओं ने दूसरा लुक पोस्टर जारी किया है, उन्होंने साझा किया है कि फिल्म की शूटिंग हैदराबाद में शुरू होगी। 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा', 'रुस्तम', 'पैडमैन' और 'परी' जैसी क्रांतिकारी फिल्में देने के लिए मशहूर निर्माता प्रेरणा अरोड़ा एक और धमाकेदार फिल्म 'हीरो हीरोइन' के साथ वापस आ गई हैं, जो एक तेलुगु-हिंदी सिनेमाई गाथा है। प्यार और नाटक. सुरेश कृष्ण द्वारा निर्देशित यह फिल्म ऑन-स्क्रीन रोमांस के वास्तविक जीवन के प्यार में बदलने की अलिखित यात्रा की पड़ताल करती है। प्रशंसकों और उद्योग जगत के बीच उत्साह स्पष्ट था क्योंकि कुछ दिन पहले सुपर ग्लैमरस दिव्या खोसला कुमार का पहला पोस्टर जारी किया गया था! दिवा के पास हिट फिल्मों की एक बेहद सफल श्रृंखला रही है, जिसमें हाल ही में रिलीज हुई 'यारियां 2' में उनके प्रदर्शन को काफी सराहा गया था। जबकि दिव्या के पहले लुक ने हमें एक ठाठ और उत्तम दर्जे का दिवा जैसा माहौल दिया, दूसरा पोस्टर निश्चित रूप से हमें मीना कुमारी और वैजयंतीमाला युग में सरासर सुंदरता के साथ वापस ले जाता है, एक दृश्य उपचार का वादा करता है जो सामने आने वाली कहानी के साथ ग्लैमर को सहजता से जोड़ता है। दिव्या वर्तमान में बैक टू बैक हिट फिल्मों के साथ फिल्म उद्योग पर राज कर रही हैं। दिव्या खोसला कुमार खुद को मिले प्यार के बारे में कहती हैं, "यह अब तक मेरे द्वारा निभाई गई सबसे आशाजनक भूमिका है और मैं बता नहीं सकती कि पहली झलक सामने आने के साथ ही इतना प्यार देखकर मैं कितनी खुश और रोमांचित हूं। 'हीरो हीरोइन' की दुनिया में कदम रखना एक ऐसा अनुभव है जो मेरे अंदर हमेशा के लिए अंकित रहेगा। स्क्रिप्ट ग्लैमर और पदार्थ का एक मनोरम मिश्रण है, और मैं एक ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं जो एक दृश्य और भावनात्मक तमाशा होने का वादा करता है। दूसरा पोस्टर प्रियदर्शिनी की दोहरी दुनिया की एक झलक पेश करता है और मैं उत्साहित हूं कि इस फिल्म में कई पहलू हैं जो आपके दिमाग को हिला देंगे, इस सिनेमाई यात्रा में दर्शकों के हमारे साथ जुड़ने का इंतजार नहीं कर सकते।



## उत्तराखंड हलचल

# पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने धामी सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत टिहरी विस्थापितो को भूमिधरी अधिकार दिलाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पत्र लिखने बाद पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने टिहरी विस्थापितो को भूमिधरी अधिकार दिलाने के लिए,आज एक फरवरी को गाँधी पार्क देहरादून मे मौन व्रत रखकर धामी सरकार के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति और भारत रूस मैत्री का जीवांत स्तंभ टिहरी डैम उत्तराखंड का अभिमान है। आज एक विकसित उत्तराखंड की हमारी योजना का बड़ा आधार है और इस समय भी राज्य की अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दे रहा है। यह सब टिहरी की महान जनता के सामूहिक त्याग से ही संभव हुआ है।अपने सुंदर घरों, अति उपजाऊ अपनी भूमि व अतुलनीय संस्कृति को राष्ट्र व समाज को समर्पित कर विस्थापित होना स्वीकार किया। जहां-जहां ये लोग विस्थापित होकर बसे, आज भी कई कठिनाइयों को



झेल रहे हैं और इनसे किए गए कई वादे भी अभी पूरे नहीं हुए हैं।इन विस्थापितों में सबसे चिंताजनक स्थिति हरिद्वार के पथरी क्षेत्र के भाग एक दो तीन चार में बसे लोगो को पिछले 42 वर्षों से लगातार अपने भूमि के अधिकार की लड़ाई लड़ रहे हैं, जिसमें अभी तक उनके हाथ सफलता नहीं लग पाई है।42वर्षों बाद भी यह लोग जिस भूमि में बसे हैं उसका भूमिधर का अधिकार इन्हें प्राप्त नहीं है। इन्हें बैंकों सहित कोई भी ऋण सुविधा भूमि के आधार पर लेने का अधिकार नहीं है। स्वामी होते हुए भी स्वामित्व से वंचित हैं। इन्हें सामान्य ग्राम वासी को प्राप्त कोई हक हकूक उपलब्ध नहीं है। और कहा कि वर्ष 2016 में तत्कालीन सरकार ने मालिकाना हक देने के निर्देश जारी किए और पत्रावली तैयार करवाई गई। सत्ता परिवर्तन के साथ यह प्रक्रिया ठंडे बस्ते में डाल दी गई। गैरसैंण में हुए विधानसभा सत्र में स्थानीय विधायक अनुपमा रावत के द्वारा इस मामले को विधानसभा संचालन नियमावली के नियम 58 के अंतर्गत उठाये जाने पर सरकार ने इस मामले में सकारात्मक कदम उठाने का आश्वासन दिया। तद् पश्चात हरिद्वार जनपद के विधायकों की बैठक में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए आवश्यक पत्रावली तैयार करने के आदेश दिए। जिस पर आठ माह बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। साथ ही स्थानीय विधायक अनुपमा रावत के द्वारा लगातार सरकार के समक्ष मांग रखी गई, किंतु निराशा ही हाथ लगी।वर्ष 1982 में टिहरी बांध परियोजना के अंतर्गत टिहरी से लगभग 440 परिवारों को विस्थापित करके हरिद्वार ग्रामीण के पथरी क्षेत्र में बसाया गया था, किंतु 42 वर्ष पूर्ण होने पर भी किसी भी परिवार को भूमि का अधिकार नहीं मिल पाया है।और कहा कि मुख्यमंत्री पथरी के विस्थापितों को भूमि धरी अधिकार देने के लिए मंत्रिमंडल की बैठक बुलाकर इस प्रकरण का सकारात्मक निस्तारण करें। महावीर सिंह रावत, प्रधान मंजीत खरोला,सोनू चौहान, गब्बर सिंह पंवार, अमित,आदि।

# नहाते समय गंगा के तेज बहाव में बह गया व्यक्ति

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र के अंतर्गत रणजीतपुर जसपुर गांव के सामने नीलधारा गंगा के पार अंतिम संस्कार में आया एक व्यक्ति गंगा में नहाते समय गंगा के तेज बहाव में बह गया है। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने गंगा में बहे व्यक्ति की काफी खोजबीन की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं लग पाया है। बृहस्पतिवार को नजीबाबाद थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी सत्येंद्र उर्फ मोटा अपने चाचा महेंद्र सिंह का अंतिम संस्कार करने के लिए नागल सोती गंगा घाट पर आए थे। बताया जा रहा है कि अंतिम संस्कार के बाद सत्येंद्र रणजीतपुर जसपुर गांव के सामने नीलधारा गंगा



के पार दूसरे किनारे पर गंगा में स्नान करने लगा। बताया जा रहा है कि स्नान करते समय सत्येंद्र उर्फ मोटा गंगा के तेज बहाव में बह गया। सत्येंद्र को गंगा में बहता देख साथ में आए लोगों के होश उड़ गए। लोगों ने शोर मचा दिया। साथ ही मामले की सूचना उत्तर प्रदेश पुलिस को दी गई। घटनास्थल उत्तराखंड होने के चलते उत्तर प्रदेश पुलिस ने मामले की सूचना उत्तराखंड एसडीआरएफ को दी। एसडीआरएफ टीम ने मौके पर पहुंचकर रणजीतपुर जसपुर गांव के सामने नीलधारा गंगा में काफी खोजबीन की, लेकिन गंगा में बहे सत्येंद्र उर्फ मोटा का कहीं कोई पता नहीं लग पाया है। उत्तराखंड एसडीआरएफ टीम के हेड कांस्टेबल कपिल कुमार ने बताया कि सत्येंद्र कुमार उर्फ मोटा पुत्र बलबीर उम्र 45 वर्ष नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव इस्माइलपुर का रहने वाला है। जो अपने चाचा महेंद्र सिंह के अंतिम संस्कार के लिए गंगा घाट पर आया था। गंगा में नहाते समय गंगा की तेज बहाव में बह गया है। जिसकी खोजबीन की जा रही है।

# 21 दिसंबर 2023 से आज तक लगभग 2108 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किये गए है: जिलाधिकारी

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा 21 दिसम्बर 2023 से आज तक लगभग 2108 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़े वितरित किये गए है, जिनमें महिला, पुरूष तथा बच्चे शामिल है। जिलाधिकारी ने जनमानस से अनुरोध किया कि जिनके पास अतिरिक्त गर्म कपड़े हैं तथा उनका उपयोग नहीं कर रहे है वह स्मार्ट सिटी की बस में रखे बॉक्स में कपड़े भेंट कर सकते हैं यदि कोई टोल फ्री न0 पर 18001802525 पर कॉल करता है तो टीम घर पंहुचकर कपड़े एकत्रित करेगी तथा कलैक्शन सेन्टर से जरूरतमंदो को कपड़े वितरित किए जांएगें। इसके अतिरिक्त स्मार्ट सिटी द्वारा चलाई जा रही इलैक्ट्रिक बस या स्मार्ट सिटी के आफिस सात्विक टावर कौलागढ रोड में भी कपडे. भेंट किए जा सकते हैं। उन्होंने जनमानस से जिला प्रशासन की इस पहल में सहयोग करने की अपेक्षा की। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया अपने अनुपयोगी कपड़े जरूरतमंदो को भेंट करें कहा कि जो कपड़े हमे अनुपयोगी लग रहे हैं वह किसी जरूरतमंदो के लिए उपयोगी हो सकते है, इसके लिए इस पुण्य कार्य में जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## रुड़की क्षेत्र के सभी ग्रामीण क्षेत्र में बारिश ओर ओलावृष्टि से बढ़ी ठंड

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**रुड़की हरिद्वार।** पिछले माह से उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों सहित मैदानी इलाकों में जहां कड़ाके की ठंड पड़ रही है,वहीं पर्वतीय इलाकों में भारी बर्फबारी भी हो रही है,जिससे कड़ाके की ठंड की मार लोगों को झेलनी पड़ रही है।लंबे इंतजार के बाद आज दोपहर हुई भारी बारिश के साथ ओलावृष्टि से जहां कड़कड़ाती ठंड और कोहरा धुलने की उम्मीद है,तो वहीं ओलावृष्टि के कारण फसलों



को नुकसान होने की बात भी किसानों ने कही है।कई किसानों ने चिंता जताते हुए कहा कि इससे गेहूं,सरसों तथा बरसीम की फसलें बिछ गई है,तो सब्जियों को भी से नुकसान पहुंचा है। फरवरी माह के पहले ही दिन हुई इस बारिश से आगामी हफ्ते में मौसम ठंडा रहेगा,किंतु हफ्ता-दस दिन बाद मौसम के खुशगवार रहने की संभावना है।

## डोईवाला पुलिस को मिली बडी कामयाबी 3200 नशीले कैप्सूल समेत आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर क्षेत्र की नगर पंचायत सुलतानपुर आदमपुर में नशे का काला करोबार लगातार बढ़ रहा है। जिससे शहर लेकर गांव के युवा भी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। जहां एक ओर अपने आप को डायरेक्टर व वरिष्ठ समाजसेवी कहने वाले वरिस अहमद सुल्तानपुर आदमपुर को नशा मुक्त कराने का वादा करते है। वही दूसरी और ऐसे समाजसेवी के परिवार से ही नशे के कारोबार को धड़ल्ले से अंजाम तक पहुँचने का प्रयाश कर रहे है। जिसके चलतें प्रशासन व पुलिस के माध्यम से समय-समय पर ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाही भी की जा रही है।



वही ड्रग फ्री उत्तराखंड देवभूमि के विजन को नशा मुक्त करने के लिए दून पुलिस निरंतर प्रयासरत है। नशा तस्करो के विरुद्ध दून पुलिस द्वारा लगातार कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में डोईवाला कोतवाली पुलिस ने एक नशा तस्कर को 3200 प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह आरोपी हरिद्वार से कैप्सूल खरीदकर उन्हें स्कूल व कालेजों में स्टूडेंटस को सप्लाई करता था। आपको बतादें की डोईवाला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी व कारोबार करने वाले आसमाजिक तत्वो को चिन्हित किया गया था। जिसके चलतें मादक पदार्थ की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के क्रम मे कोतवाली डोईवाला पर पूर्व से गठित पुलिस टीम द्वारा नशे के कैप्सूलों के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## लक्सर पुलिस ने दबोचे दो शातिर मोबाईल चोर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**लक्सर हरिद्वार।** लक्सर कोतवाली पुलिस ने चोरी के मोबाइल फोन सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया है। 31जनवरी को मीन्टो पत्नी मांगेराम निवासी केशवनगर सोसाईटी रोड लक्सर, हरिद्वार के द्वारा तहरीर दे कर बताया कि कार्तिक उर्फ अज्जु व अंकित नाम के व्यक्ति के द्वारा उसके घर से उसका मोबाइल फोन Xeomi poco m6 चोरी कर लिया है। चोरी की सूचना मिलने पर लक्सर कोतवाली पुलिस ने मोबाइल चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की जांच की गई। और मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया।जिसके बाद आज लक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हासिल की है। रायसी क्षेत्र से कार्तिक उर्फ अज्जू व अंकित को लक्सर पुलिस ने दोनो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया है।वहीं गिरफ्तार चोरो के पास से पुलिस ने चोरी किया गया मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# इहाना ढिल्लों की आने वाली फिल्म 'जे पैसा बोलदा हुंदा' से उनका नया गाना 'लक्क तुनू तुनू' रिलीज हुआ







**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** इहाना ढिल्लों एक प्रतिभाशाली और बहुमुखी कलाकार हैं, जिन्होंने हिंदी और पंजाबी मनोरंजन उद्योग में अपनी प्रतिभा और साख साबित की है। उन्होंने पहले भी अजय देवगन के साथ 'भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया', 'हेट स्टोरी', 'हेट स्टोरी 4', 'कसक', 'ब्लैकिया', 'गोल गप्पे', 'भूत अंकल' 'तुसी ग्रेट हो', 'टाइगर', 'ठग लाइफ', 'डैडी कूल मुंडे फूल' जैसी फिल्मों से लोगों का दिल जीत है। उन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हंसिल किया है और उनके प्रशंसकों को उन पर गर्व है। जहां तक उनके आगामी प्रोजेक्ट पाठकों का सवाल है, तो वह आगे पंजाबी फिल्म 'जे पैसा बोलदा हुंदा' से दिल जीतने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जो 23 फरवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। जबकि फिल्म को आने में अभी काफी समय बाकी है। लेकिन फिल्म का हाल ही में रिलीज हुआ गाना लोगों का दिल जीत रहा है। ट्रैक का नाम 'लक्क तुनू तुनू' है और यह 31 जनवरी, 2024 को रिलीज हुआ। यह गाना जबरदस्त है और इसे टी-सीरीज अपना पंजाब चेनल पर रिलीज किया गया है। यह गाना एक बेहद लोकप्रिय पुराने गाने का विशेष रीक्रिएशन है, जिसे पहले सुरजीत बिंद्राखिया ने गाया था। गाने के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहा की। मैं वास्तव में उत्साहित हूं कि यह गाना आखिरकार रिलीज हो गया है।



यह एक बहुत लोकप्रिय चार्टबस्टर गाने का नया आधुनिक वर्जन है और हम बेहद खुश हैं। इस फिल्म के लिए मैंने अपना शानदार प्रदर्शन दिया है और मुझे खुशी है कि आखिरकार दर्शकों को यह फिल्म देखने को मिलेगी। फिलहाल आप इस गाने का आनंद ले। इसमें बहुत कड़ी मेहनत की गई है। उम्मीद करती हूँ की यह फिल्म शानदार प्रदर्शन करेगी। गाने का पोस्टर और प्रोमो वाकई में अद्भुत लग रहा है। इसने निश्चित रूप से फिल्म के लिए उत्साह और बढ़ गया है। लोग भी इस गाने को खूब पसंद कर रहे है। 'जे पैसा बोलदा हुंदा' 23 फरवरी, 2024 को आपके नजदीकी सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है और फिल्म में इहाना ढिल्लों और हरदीप ग्रेवाल मुख्य भूमिका में हैं। अधिक अपडेट के लिए बने रहें।













दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी जैकलीन फर्नांडिस

**कई** बॉलीवुड सेलेब्स अपने दमदार अभिनय से हॉलीवुड में भी अपनी पहचान बना चुके हैं। अब बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी हॉलीवुड की उड़ान भरने के लिए बिल्कुल तैयार हैं। हाल ही में खबर आई है कि जैकलीन ने अपना पहला हॉलीवुड प्रोजेक्ट साइन कर लिया है। जैकलीन इस फिल्म को 'वीमेन स्टोरीज' नाम दिया गया है। यह एक एंथोलॉजी फीचर फिल्म होगी। इसे छह महिला निर्देशक तैयार करेंगी। इस फिल्म को छह सेगमेंट्स में तैयार किया जाएगा, जिसमें सिर्फ महिलाएं ही काम करती नजर आएंगी। जैकलीन फर्नांडिस को लीना यादव द्वारा निर्मित सेगमेंट में देखा जाएगा। इसे 'शेयरिंग अ राइड' शीर्षक दिया गया है। इसमें जैकलीन के साथ ट्रांसजेंडर मॉडल अंजलि लामा भी नजर आएंगी। लीना यादव इससे पहले पार्च्ड, शब्द, तीन पत्ती और राजमा चावल जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुकी हैं। अब एक बार फिर से वह महिलाओं पर आधारित कहानी पर्दे पर उतारने जा रही हैं। लेवोर्लीनो एंटरटेनमेंट और वी डू इट टूगैदर प्रोडक्शन कंपनी द्वारा सह-निर्मित फिल्म में फिल्मकार सोले तोग्नाजी को भी अभिनय करते देखा जाएगा। लूसिया पुएंजो और कैथरीन हार्डविक ने महिलाओं पर आधारित इस फिल्म को पर्दे पर उतारने के लिए निर्देशक के तौर पर एक दूसरे से हाथ मिलाया है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित महिलाओं की कहानियों को दिखाया जाएगा।



# किरदार की लंबाई नहीं, काम मायने रखता है: तापसी पन्नू

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस तापसी पन्नू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। हाल ही में तापसी ने युवा और आकांक्षी अभिनेताओं को किसी फिल्म में उनके किरदार की लंबाई पर ध्यान नहीं देने की सलाह दी। तापसी पन्नू ने अपनी जासूसी थ्रिलर फिल्म 'बेबी' के 9 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि फिल्म में आपके किरदार की लंबाई कितनी बड़ी है, बल्कि आप उस किरदार को कैसे निभाते हैं, आपका काम कैसा है, यह महत्त्व रखता है। हिन्दी सिनेमा में प्रवेश करने से पहले, अभिनेत्री ने तेलुगु और तमिल फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने डेविड धवन की फिल्म चश्मे बद्दूर से बॉलीवुड में कदम रखा, लेकिन नीरज पांडे की फिल्म बेबी में शबाना खान नामक किरदार में उनकी सात मिनट की भूमिका ने उनके करियर में एक महत्वपूर्ण मोड़ दिया। तापसी पन्नू ने कहा कि एक कलाकार के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि उन्हें स्क्रीन पर जितना समय मिलता है, उसमें वह ज्यादा से ज्यादा प्रभाव छोड़े। तापसी ने ट्विटर पर एक पोस्ट में कहा, प्रिय अभिनेताओं, पर्दे पर आपका रोल कितने मिनट का है, यह मायने नहीं रखता, उन मिनटों में आप क्या करते हैं, क्या प्रभाव छोड़ते हैं... यह मायने रखता है: सात मिनट जिसने मेरे करियर की दिशा बदल दी। आपकी अपनी, नाम शबाना।



# पर्दे पर गुरु दत्त की भूमिका निभा सकते हैं आमिर खान

**फिल्म** निर्माता भावना तलवार वह करने जा रही हैं, जो कि उनके कई साथी करने में नाकाम रहे हैं। खबरों के अनुसार भावना अपने दौर के जाने माने फिल्मकार और अभिनेता गुरु दत्त की जिंदगी पर आधारित फिल्म बनाने जा रही हैं। खबरों की माने तो बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने गुरु दत्त की बायोपिक के प्रोजेक्ट में अपनी इच्छा जताई है। बताते चलें कि गुरु दत्त ने प्यासा और कागज के फूल जैसी क्लासिक्स बनाकर एक महान विरासत फिल्म इंडस्ट्री के लिए छोड़ीं। गुरु दत्त पर बनने वाली बायोपिक का बजट करीब 120 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। इस खबर के सामने आते ही अब आमिर खान के फैंस भी उनसे आग्रह कर रहे हैं कि वह बड़े पर्दे पर गुरु दत्त की भूमिका निभाएं। हालांकि, अभी इस प्रोजेक्ट को लेकर न तो भावना तलवार की तरफ से कोई बयान सामने आया है और न ही आमिर खान ने इस पर अपनी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। बता दें कि अनुराग कश्यप सहित कई फिल्म निर्माताओं ने गुरु दत्त की कहानी को फिल्माने का प्रयास किया है। अब भावना तलवार, जिन्होंने पंकज कपूर अभिनीत दो बहुत ही शक्तिशाली फिल्में धर्म और हैप्पी का निर्देशन कर चुकी हैं गुरु दत्त की बायोपिक बनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

